छपे पृष्ठो की कुल संख्या- 05

# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

## आवधिक परीक्षण 1 (2025-26)

## विद्यालय: परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय, केंद्र: मैसूर

**कक्षा: VIII (आठवीं)** **विषय: हिन्दी** **अंक: 40**

**दिया गया पाठ्यक्रम: सेतु पाठ्यक्रम पाठ 01 से 05 तक**

विद्यार्थी का नाम:

______________________________________________________________

अनुक्रमांक.______ कक्षा/अनुभाग:______ दिनांक: __________

**( खंड़ - क - अपठित बोध )**

**प्रश्न 1.अपठित गद्यांश को पढ़कर उचित विकल्पों का चयन करके उत्तर दीजिए –(1x4=4 अंक)**

वीरता की अभिव्यक्ति अनेक प्रकार से होती है। लड़ना-मरना, खून बहाना, तोप-तलवार के सामने न झुकना ही नहीं कर्ण की भाँति याचक को खाली हाथ न लौटाना या बुद्ध की भाँति गूढ़ तत्वों की खोज में सांसारिक सुख त्याग देना भी वीरता ही। है। वीरता तो एक अंत:प्रेरणा है। वीरता देश-काल के अनुसार संसार में जब भी प्रकट हुई, तभी अपना एक नया रूप लेकर आई और लोगों को चकित कर गई। वीर कारखानों में नहीं ढलते, न खेतों में उगाए जाते हैं, वे तो देवदार के वृक्ष के समान जीवनरूपी वन में स्वयं उगते हैं, बिना किसी के पानी दिए, बिना किसी के दूध पिलाए बढ़ते हैं। वीर का दिल सबका दिल और उसके विचार सबके विचार हो जाते हैं। उसके संकल्प सबके संकल्प हो जाते हैं। औरतों और समाज का हृदय वीर के हृदय में धड़कता है |

(i) वीरता के प्रकार हैं -

(क) लड़ाई
(ख) याचक को खाली हाथ न जाने देना
(ग) ज्ञान की खोज में संसार-त्याग
(घ) उपर्युक्त सभी

(ii) वीर पुरुष क्या त्याग देते हैं ?

(क) सांसारिक सुख
(ख) अपना देश
(ग) अपना खाना
(घ) कोई नहीं

(iii) वीर कहाँ उत्पन्न होते हैं?

(क) वे देवदार के वृक्ष के समान स्वयं उगते हैं तथा बड़े होते हैं।
(ख) कारखानों में
(ग) खेतों में
(घ) कोई नही

(iv) वीर पुरुष की क्या पहचान है?

(क) वह सबका चहेता होता है।
(ख) उसके संकल्प समाज के संकल्प होते हैं।
(ग) (क) व (ख)
(घ) कोई नहीं।

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए पद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए। (1X4= 4 अंक)**

मैंने देखा
एक बड़ा बरगद का पेड़ खड़ा है।
उसके नीचे कुछ छोटे-छोटे पौधे
असंतुष्ट और "रुष्ट
देखकर मुझको यों बोले हम भी कितने बदकिस्मत हैं ।
जो खतरों को नहीं सामना करते
वे कैसे ऊपर को उठ सकते हैं।
इसी बड़े की छाया ने ही
हमको बौना बना रखा
हम बड़े दुखी हैं।"

(i) इस कविता में बरगद प्रतीक है -

(क) बूढ़े व्यक्ति का
(ख) बड़े-बुजुर्गों का
(ग) पुरानी परंपराओं
(घ) रूढ़ियों का

(ii) 'छोटे-छोटे पौधे' प्रतीक हैं –

(क) छोटे बच्चों का
(ख) नवजात शिशु का
(ग) नई पीढ़ी को
(घ) नई परंपराओं का

(iii) दूसरे अंश में छोटे-छोटे पौधे असंतुष्ट और रुष्ट हैं, क्योंकि –

(क) वे बरगद को अपना दुश्मन मानते हैं।
(ख) वे बरगद को खतरनाक मानते हैं।
(ग) उन्हें बरगद से कोई लगाव नहीं है।
(घ) वे बरगद की छाया को अपने विकास में बाधा मानते हैं।

(iv) इनमें कौन-सा विशेषण नहीं है?

(क) छोटे-छोटे (ख) असंतुष्ट (ग) रुष्ट (घ) छाया

**( खंड -ख व्यवहारिक व्याकरण)**

**प्रश्न 3. दिए गए प्रश्नों को निर्देशानुसार हल कीजिए | (1 x 8= 8 अंक )**

(i) शेर हिंसक जानवर है। रेखांकित शद्व में संज्ञा है ?

(क) भाववाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) जातिवाचक (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) पहाड़ों के नाम किस संज्ञा के अन्तर्गत आते हैं ?

(क) भाववाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) जातिवाचक (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) इनमें से संख्यावाचक विशेषण का सही उदाहरण कौनसा है?

(क) दस लड़के (ख) अच्छे लड़के (ग) सच्चा लड़का (घ) प्यारे लड़के

(iv) इनमें से गुणवाचक विशेषण का सही उदाहरण कौनसा है?

(क) उसके (ख) समझदार (ग) लीटर (घ) चौदह

(v) इनमें से कौनसा शद्व भाववाचक संज्ञा का है ?

(क) तालाब (ख) सुंदरता (ग) सब्जी (घ) घर

(vi) हेमा को घर जाना है।' सा कारक है वाक्य में कौन-?

(क) कर्ता (ख) कर्म (ग) सम्प्रदान (घ) करण

(vii) 'जिसको हमने बुलाया था, वह आया है।' वाक्य में कौन सा सर्वनाम है-

(क) उत्तम पुरुष (ख) निजवाचक (ग) संबंधवाचक (घ) निश्चयवाचक

(viii) " सारे लड़के शोर मचा रहे हैं।" कौन-सा विशेषण हैं?

(क) निश्चित संख्यावाचक विशेषण (ख) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
(ग) निश्चित परिमाण विशेषण (घ) अनिश्चित परिमाण विशेषण

**( खंड़ - ग पठित बोध )**

**प्रश्न 4. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अति संक्षिप्त में दीजिए। (1x4 = 4 अंक )**

(i) दक्षिण के सागर को सम्राट क्यों कहा गया है?

(ii) भारत को बलिदान की धरती क्यों कहा गया है?

(iii) गोथा किसे कहते हैं?

(iv) "एक दौड़ ऐसी भी" कहानी में कौन सी दौड़ की बात हो रही है?

**प्रश्न 5. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार में दीजिए। (2x5 = 10 अंक )**

(i) "आओ बच्चों, तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की" कविता में शिवाजी की शक्ति व पराक्रम को किस प्रकार दर्शाया गया है ?

(ii) सभी बच्चे आगे दौड़ने के बजाय पीछे क्यों लौट आए?

(iii) डांडी या गोथा खेल जीतने के लिए खिलाड़ियों को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(iv) बाकी दौड़ने वाले बच्चों के मन में यह क्यों नहीं आया होगा कि दूसरों की सहायता से पहले मेडल जीतना आवश्यक है? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

(v) "आओ बच्चों, तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की" कविता में 'इस मिट्टी से तिलक करो' कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

**( खंड - 'घ' रचनात्मक लेखन )**

**प्रश्न 6.. साइबर अपराधों को रोकने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5 अंक)**

**प्रश्न 7. आपके विद्यालय में खेल की सामग्रियों का अभाव है। खेल की सामग्री मंगवाने के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए। (5 अंक )**

अथवा

**समय के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।**

________________________________THE END____________________________